# ऋषि गालव विश्वविद्यालय की आज रखी जाएगी नींव

**आयोजन स्थल पर किया सुंदरकांड पाठ, प्रज्जवलित किए 101 दीप**
**मुख्यमंत्री यादव करेंगे भूमि पूजन, सुरेश सोनी होंगे मुख्य वक्ता**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई ।** शहर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम जुड़ने जा रहा है। मध्य भारत शिक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित आवासीय ऋषि गालव विश्वविद्यालय, ग्वालियर का भूमि पूजन 4 मई को प्रात: 9:30 बजे शिवपुरी लिंक रोड, शीतला माता मार्ग स्थित ग्राम बेला में होगा।

भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी होंगे। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पाण्डे करेंगे।

भूमि पूजन की पूर्व संध्या पर रविवार को कार्यक्रम स्थल पर सुंदरकांड का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया। इस दौरान 101 दीप प्रज्जवलित किए गए। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। लगभग 30 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में डोम तैयार किया गया है, जिसमें 2500 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं। यह विश्वविद्यालय 55 बीघा भूमि पर निर्मित होगा।

जिसकी कुल अनुमानित लागत करीब 110 करोड़ रुपए है और इसे 3 वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं लगभग 30 करोड़ रुपए की प्रारंभिक लागत से आगामी एक वर्ष में निर्माण कार्य के प्रथम चरण को पूरा कर

गुरु पूर्णिमा 18 जुलाई 2027 से नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मध्य भारत शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र बांदिल एवं सचिव प्रो.राजेंद्र वैद्य ने शहर के सभी प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

भूमि पूजन समारोह में जाने-आने के लिए नागरिकों की सुविधा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से वाहनों की व्यवस्था की गई है। प्रात: 8:45 बजे एबी रोड स्थित गणेश बाग मंदिर, पार्वती विद्या पीठ, पीजीवी महाविद्यालय परिसर, माधव महाविद्यालय नईसडक़, सरस्वती शिशु मंदिर नदी द्वार, जीवाजी विश्वविद्यालय द्वार, राजमाता चौराह, एमआईटीएस गोला का मंदिर से वाहन कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे।



## कांग्रेस पार्षद शकील मंसूरी पर जानलेवा हमला

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्षद शकील मंसूरी पर जानलेवा हमला हुआ है। मौहल्ले से जुड़े विवाद में उन पर प्राणघातक हमला किया गया जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी कप्तान सिंह का निधन

**ग्वालियर।** वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी कप्तान सिंह गुर्जर (गिरगांव) का आज रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

# युवती को पीटा, जान से मारने की धमकी दी

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई ।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कर्मचारी आवास कॉलोनी महलगांव में शनिवार शाम महिलाओं के बीच सिर फुटव्वल हो गई। घर के बाहर बैठी युवती के साथ पास में रहने वाली महिला व उसके परिजनों ने मारपीट कर दी। युवती का भाई उसे बचाने आया तो डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया। मारपीट में युवती व उसके भाई को चोट आई है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है।

प्रगति शर्मा निवासी कर्मचारी आवास कॉलोनी महलगांव स्थित अपने घर के बाहर बैठी थी। उसी समय वहां आशा श्रीवास्तव, काजल, तान्या तथा आशा श्रीवास्तव का लड़का आया और पुराने विवाद को लेकर बहसबाजी करने लगे। प्रगति शर्मा ने बहस करने से मना किया तो आशा श्रीवास्तव, तान्या, काजल तथा आशा के लड़के ने उसके साथ मारपीट करना शुरु कर दी। मारपीट व शोर-शराबा सुनकर प्रगति शर्मा का भाई उसे बचाने आया तो दूसरे पक्ष की महिलाओं ने डंडे से उस पर हमला कर दिया। डंडे का वार प्रगति व उसके भाई के सिर में लगा, जिससे खून बहने लगा। मारपीट व हंगामा होते देख आस-पास के लोग एकत्रित हुए और मामला शांत कराया। मामला शांत होने के बाद आशा, तान्या व काजल ने प्रगति शर्मा को धमकी दे दी कि अगर बात पुलिस तक पहुंचाई तो जान से मार देंगे। पुलिस ने आशा श्रीवास्तव, तान्या, काजल तथा आशा श्रीवास्तव के लड़के के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

# ग्वालियर-चंबल के सभी जिलों में बारिश की चेतावनी जारी

**40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई ।** चंबल के सभी जिलों में बादल-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। धूलभरी आंधी चलेगी। 6 मई तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के कारण 6-7 मई तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। जिलों में मेघगर्जन, आंधी और गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 30 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

मौसम विभाग की मानें तो अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस का इजाफा देखने को मिल सकता है लेकिन इसके बाद अगले तीन दिनों में 2 से 3 डिग्री की धीरे-धीरे गिरावट आएगी। अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। ग्वालियर संभाग के जिलों में बादल-बारिश की स्थिति बनी हुई है।

**इन जिलों में बारिश का अलर्ट** ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, मुरैना, भिंड, दतिया

## दिल्ली-ग्वालियर-बेंगलुरु हवाई सेवा का आज होगा वर्चुअल शुभारंभ



**ग्वालियर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सोमवार, 4 मई को ग्वालियर हवाई अड्डे से प्रारंभ हो रही दिल्ली-ग्वालियर-बेंगलुरु हवाई सेवा का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन के लिए ग्वालियर एयरपोर्ट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम प्रात: 9:45 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल पर होगा।

## जल गंगा संवर्धन एवं स्वच्छता अभियान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी

**ग्वालियर।** ग्राम पंचायत भयपुरा के अंतर्गत ग्राम झंडा का पुरा में जल संवर्धन एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन दो स्थानों गुरुकुल विद्या मंदिर स्कूल परिसर एवं जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया गया। यह अभियान प्राथमिक महिला आजीविका बहुउद्देशीय सहकारी संस्थान एवं अटल संकुल स्तरीय संगठन के सहयोग से सहयोगी संस्था सफल युवा मंडल द्वारा आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा दोनों स्थानों पर व्यापक स्तर पर साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया। साथ ही ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ भी संचालित की गईं। विशेष रूप से जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट ब्लॉक मैनेजर घाटीगांव शिखा चौबे एवं सफल युवा मंडल ग्वालियर के अध्यक्ष अरविंद कुशवाह सहित स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भागीदारी की।

# भगवान परशुराम के जयघोष से गूंजा मुरार शहर, निकला चल समारोह



**चल समारोह में उमड़ा सर्वसमाज**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई ।** ब्राह्मण सभा मुरार के तत्वाधान में भगवान श्रीपरशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर चल समारोह का आयोजन किया गया, चल समारोह की शुरूआत भगवान परशुराम मंदिर घासमंडी मुरार से हुई, जहां दोपहर से ही विप्र बंधुओं का जुटना प्रारंभ हो गया था। चल समारोह जैसे ही शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा, भगवान परशुराम की जय के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। चल समारोह में श्री श्री 1008 रामदास महाराज दंदरौआ सरकार, श्री हरि दास जी महाराज जड़ेरुआ सरकार भी शोभायमान रहे।

चल समारोह के संयोजक शेरु दंडोतिया एवं मीडिया प्रभारी पंकज पाठक ने बताया कि यह चल समारोह भगवान परशुराम मंदिर से प्रारंभ होकर घासमंडी, सदर बाजार, बारादरी चौराहा, माल रोड, खुला संतर, अग्रसेन चौराहा, गिर्राज मंदिर होते हुए भगवान परशुराम मंदिर पहुंचा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और आम नागरिकों द्वारा जगह-जगह स्वागत मंच लगाकर शोभायात्रा का भव्य अभिनंदन किया गया। चल समारोह में ब्राह्मण सभा मुरार के अध्यक्ष पंडित राम पाठक, संरक्षक पंडित नरेश कटारे, पूर्व अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, महामंत्री रामबाबू शर्मा नरेश पचौरी, कोषाध्यक्ष संतोष पाठक, महिला अध्यक्षा कांता शर्मा, चल समारोह की महिला संयोजक नेहा शर्मा एवं सैकड़ों विप्रजन मौजूद रहे।

## विधायक डॉ . सिकरवार ने किया परशुराम चल समारोह का स्वागत

**पुष्प वर्षा एवं भगवान परशुराम जी की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया**



आज 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में शासकीय विद्यालय क्रमांक 1 के सामने मुरार पर सैकडों महिला एवं पुरूष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान परशुराम जी के चल समारोह का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा आतिशबाजी की गई। स्वागत के दौरान भगवान परशुराम के जयकारे गूंजते रहे। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम समेत रथ में सवार सभी गणमान्यों का स्वागत कर आर्शीवाद लिया। विधायक डॉ. सिकरवार द्वारा चल समारोह में शामिल विप्र बंधुओं का पुष्पहार पहनाकर कर सम्मान किया। चल समारोह का गाजे-बाजे के साथ पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया और शीतल पेयजल, सॉफ्ट ड्रिंक एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके साथ जय परशुराम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे।

स्वागत कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, जिलाध्यक्ष अनुसूचित विभाग एवं पार्षद केदार बरहादिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, राजेश तोमर, श्रीमती रेखा जाटव, अनूप शिवहरे, संदीप यादव, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, पार्षद प्रमोद खरे, सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, बृजेश शुक्ला, विकास उपाध्याय, विजय जैन मामा, जीतू कुशवाह, प्रतीक जैन 'लालू', राहुल गुर्जर, जिलाध्यक्ष आई.टी. सेल आदित्य सेंगर, विजय बहादुर त्यागी, हेमंत शर्मा, राजा भदौरिया, कल्लू तोमर, हरेन्द्र वर्मा, प्रीति शर्मा, सतेन्द्र सिकरवार, रूपेश दुबे, आदि सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग पर जागरूकता अभियान

**किसानों को दी टिकाऊ खेती की सीख**
**किसान कल्याण वर्ष के तहत जिले में किसानों के लिये जनजागरूकता गतिविधियां जारी**




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03 मई।** ग्वालियर जिले में किसान कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में किसानों को उन्नत, टिकाऊ व प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के लिये विशेष गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध केन्द्रीय आलू अनुसंधान क्षेत्रीय केंद्र ग्वालियर द्वारा राज्य शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सहयोग से जिले के विकासखंड डबरा के ग्राम बिलौआ में 'मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग के लाभ' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही जागरूकता रैली भी निकाली गई। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुभाष कटारे ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद और फसल चक्र पर जानकारी दी। साथ ही टिकाऊ खेती अपनाने पर भी जोर दिया। मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. संजय कुमार शर्मा ने मिट्टी का नमूना लेने की विधि समझाई। उन्होंने उर्वरकों के संतुलित उपयोग के तरीके बताए। साथ ही आलू, टमाटर और बैंगन जैसी फसलों में लागत कम करने के उपाय बताए।

डॉ. एस.के. गुप्ता ने ढैंचा और सनई जैसी हरी खाद के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे मृदा सुधार होता है और उर्वरकों की बचत होती है। आत्मा से जुड़े बी.टी.एम. मलखान सिंह गहलोत ने प्राकृतिक खेती के फायदे बताए। उन्होंने जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, बीजामृत, ब्रह्मास्त्र और दशपर्णी अर्क बनाने की विधि समझाई। उत्कृष्ट कृषक प्राण सिंह माथुर ने किसानों की ओर से संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि किसान अब डीएपी और यूरिया का अत्यधिक उपयोग नहीं करेंगे। संतुलित उर्वरकों का ही प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम में 61 कृषक शामिल हुए। इनमें 4 महिला और 57 पुरुष कृषक रहे। अंत में किसानों से हरी खाद और जैव उर्वरकों के उपयोग की अपील की गई। वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक सिफारिशों का पालन करने को कहा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। ऐसे कार्यक्रम किसानों को आधुनिक और टिकाऊ खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# क्रूज हादसे के दिवंगतों को कैट यूथ विंग ने किया नमन




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई ।** जबलपुर के बर्गी डैम में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आज कैट यूथ विंग ग्वालियर द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पोस्ट ऑफिस, महाराज बाडा लश्कर ग्वालियर में सायं 7 बजे किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित लोगों ने कैंडल मार्च निकाल कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जबलपुर के बर्गी डैम में हुआ यह हादसा अत्यंत दुखद है, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। रिपोर्ट्स के अनुसार तेज आंधी और सुरक्षा में लापरवाही जैसे कारणों ने इस दुर्घटना को और भयावह बना दिया।

कार्यक्रम में प्रशासन से मांग की गई कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों को और मजबूत किया जाए।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों में कैट यूथ विंग अध्यक्ष अंशुल गुप्ता, सचिव सचिन राजपूत, कोषाध्यक्ष मुकेश चौरसिया, नीरज चौरसिया , संभागीय अध्यक्ष दीपक पमनानी जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, संयुक्त अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल राहुल अग्रवाल बबीता डाबर विपुल गुप्ता सौरभ खंडेलवाल नितिन गोयल नितिन गोयल जयेन्द्रगंज प्रतीक अग्रवाल हरीश अमरपुरी आशु कोहली हरिओम गुप्ता , मोंटी रमानी , उत्कर्ष माथुर, वीरेंद्र रजक, तरुण यादव , हरीश राठौर , मनोज गुरवानी , विशाल जोहरी , देवेंद्र चौरसिया , आदि उपस्थित थे।

# माधव लॉ कॉलेज में वैजयंती वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रतिभागियों ने रखे सशक्त तर्क




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 03मई।** माधव विधि महाविद्यालय, ग्वालियर में माधव शंकर इंदापुरकर की स्मृति में चल वैजयंती वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन अटल सभागार में किया गया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 20 विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की टीमों ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में तर्कों और आंकड़ों के माध्यम से प्रभावी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य के.के. शर्मा ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा और भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि महाधिवक्ता राकेश शुक्ला ने कहा कि भारत विश्व गुरु था, है और रहेगा तथा हर क्षेत्र में उसकी शक्ति को विश्व मानता है। विशिष्ट आमंत्रित अतिथि आनंद करार ने स्वर्गीय माधव शंकर इंदापुरकर को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व को प्रेरणादायी बताया और कहा कि वे अजातशत्रु, निष्ठावान एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित थे। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य यशवंत इंदापुर व गिरीश इंदापुरकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सपना दुबौलिया ने किया तथा विषय की प्रस्तावना कार्यक्रम संयोजक डॉ. राहुल शर्मा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आभार शासी निकाय अध्यक्ष एडवोकेट विवेक खेडक़र ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ नीति पांडे ने सभी से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

**निर्णायकों ने किया मूल्यांकन, अध्यक्ष ने दिया मार्गदर्शन:** प्रतियोगिता में डॉ. वंदना सेन, डॉ. धीरेंद्र सिंह भदौरिया एवं डॉ. एस.बी. ओझा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अध्यक्षता डॉ. रविकांत अदालत वाले ने की।

मुख्य अतिथि संगीत विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि जीत और हार दोनों ही सीखने का अवसर हैं। विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य समीक्षा गुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**ये रहे विजेता**
प्रथम-सोमेश वाधवानी (माधव विधि महाविद्यालय) - 7100
द्वितीय-समीक्षा दुबे (जीवाजी विश्वविद्यालय) - 5100
तृतीय-अभिषेक सिंह राजावत (आईटीएम यूनिवर्सिटी) - 3100
सांत्वना-अनुराग शर्मा (शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय) - 550
सांत्वना-दीपांशी अवस्थी (शासकीय विधि महाविद्यालय, ग्वालियर) - 550

**नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे . क्रं. 16 वार्ड क्रं. 41, भवन क्रं. 879, स्थान: सेन्ट्रल लाइब्रेरी के सामने खासगी बाजार पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती सरला अग्रवाल / स्व . श्री रामचरण लाल अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000315189 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 700 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र. A1252898 दिनांक 31.03. 2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे .क्रं. 16 पर दिनांक 30 .04.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य. क्रं. 81/2010/39037/ 61226/ प्र.क्रं.*3/11 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
पियूष गुप्ता, रोहन गुप्ता / श्री कृष्ण कुमार गुप्ता
पता: सेन्ट्रल लाइब्रेरी के सामने खासगी बाजार, वार्ड-41
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 03-05-2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 24, वार्ड क्रं 65,स्थान वीरपुर ग्वा0 मे स्थित है जो कि सरदार सिंह/हीरा सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000230427 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड ग्रंथ क्रं 25491 दिनांक 25.02.2015 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे.क्र 24, पर दिनांक 01.05.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता -
सुल्तान खान/नसीर खान
पता-वीरपुर ग्वा0(म.प्र.),मो0-9285496361
विज्ञप्ति जारी दिनांक-03.05.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 21, वार्ड क्रं 54,स्थान जवाहर नगर कॉलोनी ग्वा0 मे स्थित है जो कि श्रीमती ऊषा/पी.सी दास,लता कदम/ एम.आर कदम,प्रमिभा/संजय शिन्दे,विनय कुमार सुर्वे/एस.आर सुर्वे के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000334556 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 850 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-16122501831165 दिनांक 19.12.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र आमखो क्षे.क्र 21, पर दिनांक 29.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 26-010100005711 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता -
हरेन्द्र सिंह चौधरी/अशोक सिंह चौधरी
पता-जवाहर नगर कॉलोनी ग्वा0(म.प्र.),
विज्ञप्ति जारी दिनांक-03.05.2026

## शासकीय महिला पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश शुरू, 4 मई से ऑनलाइन पंजीयन

**ग्वालियर 03 मई ।** शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महा विद्यालय पड़ाव ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। तकनीकी शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा जारी काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में ऑनलाइन पंजीयन 4 मई से 29 मई तक किया जाएगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से इच्छुक छात्राओं को समयबद्ध और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश का अवसर मिलेगा। पंजीयन अवधि के दौरान अभ्यर्थी अपनी पसंद के संस्थान एवं पाठ्यक्रम का चयन (चॉइस फिलिंग) कर सकेंगी। पंजीयन में त्रुटि सुधार (एडिट) की सुविधा 30 मई से 31 मई तक उपलब्ध रहेगी।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना**
सूबात रोड, मुरैना ( म.प्र. )

क्रमांक ..........निविदा/नि.सू.क्र. 03/2026-27 मुरैना दिनांक...........

**निविदा विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु भवन कार्यों की दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 01.01.2024 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेंण्डरिंग पद्धिति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेब-साइट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। वेब साइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| टेण्डर आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( रूपयों में ) | अर्नेस्ट मनी डिपोजिट ( रूपयों में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_PWDRB_503465 | लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना अन्तर्गत रिपेयरिंग एवं मेंटीनेंस कार्य आवासीय भवन एवं गैर आवासीय भवन | 1987000.00 (उन्नीस लाख सतासी हजार) | 40000/- | 2000,00 + Portal Charges | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 2026_PWDRB_503466 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग मुरैना अन्तर्गत रिपेयरिंग एवं मेंटीनेंस कार्य आवासीय भवन एवं गैर आवासीय भवन | 1990000.00 (उन्नीस लाख नब्बे हजार) | 40000/- | 2000.00 + Portal Charges | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 2026_PWDRB_503468 | लो.नि.वि. उपसंभाग मुरैना अन्तर्गत रिपेयरिंग एवं मेंटीनेंस कार्य आवासीय एवं गैर आवासीय भवन (न्याय विभाग) | 1990000.00 (उन्नीस लाख नब्बे हजार) | 40000/- | 2000.00 + Portal Charges | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 2026_PWDRB_503476 | विशेष मरम्मत कार्य के अन्तर्गत शासकीय आवास क्रमांक डी-1 माननीय सांसद बंगला मुरैना में बाउण्ड्रीवाल मरम्मत कार्य | 416249.00 (चार लाख सोलह हजार दो सौ उनन्चास) | 8400/- | 2000.00 + Portal Charges | 01 माह वर्षाकाल सहित |
| | योग-04 कार्य | 6383249.00 (त्रेसठ लाख तिरासी हजार दो सौ उनन्चास) | | | |

1. ऑन लाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक -30.04.2026 समय 17:30 बजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक -30.04.2026 समय 17:30 बजे से
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय अंतिम दिनांक -15.05.2026 समय 17:30 बजे तक
4. ऑन लाईन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक -30.04.2026 समय 17:30 बजे तक
5. ऑन लाईन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक -15.05.2026 समय 17:30 बजे तक
6. बिड ओपनिंग दिनांक -18.05.2026 समय 10:30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेवर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी। b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑन लाईन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।, c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। d. संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा। e. निविदाएँ ऑन लाईन ही प्रस्तुत की जावें, भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा। f.शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे। g. निविदा के साथ संलग्न शिड्यूल में दर्शाये गये आयटमों के अतिरिक्त प्रचलित एस.ओ.आर. के समस्त आयटम के कार्य सम्मिलित माने जावेंगे।

उपरोक्त वेब साइट ऑन लाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेब साइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेव साइट में देखी जा सकती है।

( अन्वेश प्रताप सिंह )
कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग मुरैना
फोन नं. 07532-226361

G-12415/26